## सबसे स्वच्छ कौन प्रतियोगिता के बारे में बताया गया, कलेक्टर ने बैठक आयोजित की

# ज्यादा मात्रा में कचरा प्रोड्यूस करने वालों को कचरा निष्पादन की समझाईश दी गई

सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है। शहर की होटले, प्रतिष्ठान, मैरिज गार्डन, कार्यालय इत्यादि स्वच्छ रहे, ज्यादा मात्रा में कचरा प्रोड्यूस करने वाले होटल, संस्थान, प्रतिष्ठान आदि अपना कचरा निष्पादन स्वयं करें। इसके लिए एक बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम श्री राजेश शुक्ला, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी आदि उपस्थित थे। इसके अलावा शहर के मैरिज गार्डन संचालक, होटल प्रतिष्ठान संचालक विशेष रुप से बैठक में बुलाए गए थे।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक में उपस्थित व्यक्तियों को बताया कि प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर को सुंदर वातावरण देने के लिए सभी संभव कदम उठाए जा रहे हैं, इसके तहत सबसे स्वच्छ कौन प्रतियोगिता विभिन्न कार्यालयों, होटल प्रतिष्ठानों, मैरिज गार्डन इत्यादि के मध्य आयोजित की जाएगी और उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। जैसा कि इंदौर में होटल्स के मध्य



कंपटीशन आयोजित कर उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया है। इससे होटल की रैंकिंग बढ़ने से व्यावसायिक दृष्टि से भी होटल प्रतिष्ठान को फायदा होगा।

कलेक्टर ने ज्यादा मात्रा में कचरा प्रोड्यूस करने वाले होटल्स तथा अन्य संस्थानों के संचालकों से कहा कि वे अपने स्तर पर कचरा निष्पादन की व्यवस्था करें जैसा कि इंदौर में किया जा रहा है। संस्था, होटल अपने परिसर में कंपोस्ट खाद बनाने की व्यवस्था कर सकती है और उसका विक्रय किया जा सकता है। कलेक्टर ने पॉलीथिन के उपयोग को हतोत्साहित करने का भी आग्रह किया। कलेक्टर ने बताया कि स्वच्छता के पैरामीटर्स पर खरा उतरने तथा स्वच्छ कंपटीशन तैयारी के लिए एक माह का समय दिया जा रहा है।

बैठक में नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर14420 के बारे में भी बताया गया जिस पर कॉल करके सेप्टिक टैंक तथा सफाई संबंधी समस्या की जानकारी दी जा सकती है, शिकायत की जा सकती है। नगर निगम द्वारा 24 घंटे में समाधान किया जाएगा। इसके अलावा मोबाइल ऐप की जानकारी भी दी गई। कलेक्टर ने कहा कि जिन संस्थानों द्वारा स्वच्छता के मापदंडों पर खरा उतरा जाएगा उनको नगर निगम के संपत्ति कर में भी छूट दी जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि ज्यादा मात्रा में कचरा उत्पादित करने वालों के यहां पर कचरा एकत्र करने हेतु नगर निगम द्वारा एक वाहन विशेष की व्यवस्था की जाएगी जो सिर्फ ज्यादा मात्रा में कचरा प्रोड्यूस करने वालों के यहां पहुंचेगा और कचरा एकत्र करेगा। बैठक में बताया गया कि होटलों तथा रेस्टोरेंट में स्वच्छता संबंधी मूलभूत सुविधा तथा पैरामीटर्स पर नंबर दिए जाएंगे। इसके तहत होटल में 4 डस्टबिन रखने पर 30 नंबर, होटल से निकलने वाले गीले कचरे को होटल परिसर में ही प्रसंस्करण करने पर 40 नंबर, कोविड से संबंधित सुरक्षा अपनाने पर 40 नंबर स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 से संबंधित वाल पेंटिंग करवाने पर 40 नंबर, होटल को प्लास्टिक मुक्त एवं पॉलीथीन मुक्त बनाने पर 40 नंबर मिलेंगे, इसी तरह कई और बिंदुओं पर अलग-अलग नंबर दिए जाएंगे। सभी होटल मालिकों को निर्धारित समय देकर प्रतियोगिता की तैयारी करने के लिए कहा गया। कुल 17 मापदण्ड के 565 नंबर में से सबसे ज्यादा नंबर लाने वाले होटल को स्वच्छ होटल का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

सिंघम. 11

सिंघम – 11/2/22

# 28 तारीख तक ओडीएफ डबल प्लस का आवेदन कर सकेंगे

## आज से फिर स्पॉट फाइन की प्रक्रिया शुरू करेंगे

भास्कर संवाददाता। रतलाम

मार्च में होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण पर नगर निगम ने पूरा फोकस कर लिया है। लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने से रोकने के लिए नई स्पॉट फाइन टीम का गठन कर दिया है। उसके अलावा सफाई व्यवस्था से अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई भी हो रही है। अब प्राचीन वॉटर सोर्सेस की रंगाई पुताई और आर्ट पेंटिंग शुरू हो गई है। कोई कमी नहीं रहे इसलिए आयुक्त सोमनाथ झारिया खुद स्वच्छता अभियान की गतिविधियों का निरीक्षण कर रहे हैं।

**नई स्पॉट फाइन टीम का गठन** - सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ बंद पड़ी मुहिम फिर शुरू होगी। लापरवाही पर पिछले दिनों भंग की स्पॉट फाइन टीम का आयुक्त ने नए सिरे से गठन कर दिया है। इसमें कुलदीप भट्ट, अंकित पुरोहित, विजय मेहना, मनीश झांझोट और राजकुमार माली को नियुक्त किया है। शनिवार से टीम निरीक्षण चालू कर देगी।

### 4 चालक, 1 क्लीनर का वेतन काटा

बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर घर-घर से कचरा संग्रहण वाहन के चार ड्राइवर मनीष डागर, धीरज माली, जितेंद्र तोमर, राजेश वर्मा और स्थाईकर्मी क्लीनर विजय सोनगरा पर सात दिन का वेतन काटने की कार्रवाई हुई है। पांचों को सेवा से बर्खास्त करने का नोटिस जारी किया है।

### भ्रामक जानकारी पर कार्रवाई

दैनिक वेतन भोगी वाहन चालक श्याम उंटवाल को नगर निगम के वाट्सएप ग्रुप में वेतन काटने की भ्रामक जानकारी फैलाने पर नोटिस जारी हुआ है। श्याम ने वेतन काटने का कमेंट्स किया था, जनवरी में 25, 26, 27 व 29 को अवकाश पर रहने व एक दिन का ब्रेक होने से 5 दिवस का कम वेतन भुगतान किया है। भास्कर

दै. भास्कर १२/२/२२

# मुखर्जी नगर का निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण



● रतलाम।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मुखर्जी नगर का निरीक्षण पूर्व पार्शद प्रतिनिधि मनोज शर्मा, मयूर पुरोहित के साथ क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होकर सड़क, उद्यान बाउण्ड्रीवॉल, नाले का स्लैब्र व रैलिंग लगाये जाने के निर्देश संबंधित को दिये।

निगम आयुक्त को निरीक्षण के दौरान मुखर्जी नगर उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल का एस्टीमेट बनाने, समीप ही नाले पर निर्मित स्लेब की चौड़ाई कम होने स्लेब चौड़ा करने, सुरक्षा की दृष्टि से नाले के आसपास दीवार बनाने व स्लैब पर रेलिंग लगाने व स्वीकृत सड़कों के सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। मुखर्जी नगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित फ्लेट बिल्डिंग के सामने स्थित उद्यान में औषधीय पौधो का रोपण करने निर्देश संबंधित को दिये साथ ही क्षेत्र की महिलाओं को स्वयं स्व सहायता समूह बनाने हेतु प्रेरित किया।

अग्निबाण ११/२/२२

# ज्यादा मात्रा में कचरा प्रोड्यूस करने वालों को कचरा निष्पादन की समझाईश दी गई

## सबसे स्वच्छ कौन प्रतियोगिता के बारे में बताया गया, कलेक्टर ने बैठक आयोजित की

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। शहर की होटलें, प्रतिष्ठान, मैरिज गार्डन, कार्यालय इत्यादि स्वच्छ रहे, ज्यादा मात्रा में कचरा प्रोड्यूस करने वाले होटल, संस्थान, प्रतिष्ठान आदि अपना कचरा निष्पादन स्वयं करें। इसके लिए एक बैठक कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम श्री राजेश शुक्ला, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी आदि उपस्थित थे। इसके अलावा शहर के मैरिज गार्डन संचालक, होटल प्रतिष्ठान संचालक विशेष रुप से बैठक में बुलाए गए थे।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक में उपस्थित व्यक्तियों को बताया कि प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर को सुंदर वातावरण देने के लिए सभी संभव कदम उठाए जा रहे हैं, इसके तहत सबसे स्वच्छ कौन प्रतियोगिता विभिन्न , कार्यालयों, होटल प्रतिष्ठानों, मैरिज गार्डन इत्यादि के मध्य आयोजित की जाएगी और उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। जैसा कि इंदौर में होटल्स के मध्य कंपटीशन आयोजित कर उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया है। इससे होटल की रैंकिंग बढ़ने से व्यावसायिक दृष्टि से भी होटल प्रतिष्ठान को फायदा होगा। कलेक्टर ने ज्यादा मात्रा में कचरा प्रोड्यूस करने वाले होटल्स तथा अन्य संस्थानों के संचालकों से कहा कि वे अपने स्तर पर कचरा निष्पादन की व्यवस्था करें जैसा कि इंदौर में किया जा रहा है। संस्था, होटल अपने परिसर में कंपोस्ट खाद बनाने की व्यवस्था कर सकती है और उसका विक्रय किया जा सकता है। कलेक्टर ने पॉलीथिन के उपयोग को हतोत्साहित करने का भी आग्रह किया। कलेक्टर ने बताया कि स्वच्छता के पैरामीटर्स पर खरा उतरने तथा स्वच्छ कंपटीशन तैयारी के लिए एक माह का समय दिया जा रहा है। बैठक में नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर14420 के बारे में भी बताया गया जिस पर कॉल करके सेप्टिक टैंक तथा सफाई संबंधी समस्या की जानकारी दी जा सकती है, शिकायत की जा सकती है। नगर निगम द्वारा 24 घंटे में समाधान किया जाएगा। इसके अलावा मोबाइल ऐप की जानकारी भी दी गई। कलेक्टर ने कहा कि जिन संस्थानों द्वारा स्वच्छता के मापदंडों पर खरा उतरा जाएगा उनको नगर निगम के संपत्ति कर में भी छूट दी जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि ज्यादा मात्रा में कचरा उत्पादित करने वालों के यहां पर कचरा एकत्र करने हेतु नगर निगम द्वारा एक वाहन विशेष की व्यवस्था की जाएगी जो सिर्फ ज्यादा मात्रा में कचरा प्रोड्यूस करने वालों के यहां पहुंचेगा और कचरा एकत्र करेगा। बैठक में बताया गया कि होटलों तथा रेस्टोरेंट में स्वच्छता संबंधी मूलभूत सुविधा तथा पैरामीटर्स पर नंबर दिए जाएंगे। इसके तहत होटल में 4 डस्टबिन रखने पर 30 नंबर, होटल से निकलने वाले गीले कचरे को होटल परिसर में ही प्रसंस्करण करने पर 40 नंबर, कोविड से संबंधित सुरक्षा अपनाने पर 40 नंबर, स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 से संबंधित वाल पेंटिंग करवाने पर 40 नंबर, होटल को प्लास्टिक मुक्त एवं पॉलीथीन मुक्त बनाने पर 40 नंबर मिलेंगे, इसी तरह कई और बिंदुओं पर अलग-अलग नंबर दिए जाएंगे। सभी होटल मालिकों को निर्धारित समय देकर प्रतियोगिता की तैयारी करने के लिए कहा गया। कुल 17 मापदण्डों के 565 नंबर में से सबसे ज्यादा नंबर लाने वाले होटल को स्वच्छ होटल का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

स्वतंत्रलोक १२/२/२२

पत्रिका के अमृतम जलम से प्रेरणा लेकर निशुल्क करेंगे मदद

# प्राचीन बावड़ियों को संवारने का अभियान शुरू

पत्रिका सोशल प्राइड



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर की प्रमुख 22 प्राचीन बावड़ियों की सुध नगर निगम ने गर्मी शुरू होने के पहले ही ले ली है। इन बावड़ियों में दो चरण में काम होगा। पहले चरण में इनको स्वच्छ किया जाएगा, दूसरे चरण में इनमे सौंदर्यीकरण का कार्य होगा। इसके लिए शुक्रवार को नगर निगम के करीब दो मुंह की बावड़ी में स्वच्छता अभियान कार्य की शुरुआत की गई है। सामाजिक संस्था दृष्टि वेलफेयर पत्रिका के अमृतमजलम अभियान से प्रेरणा लेकर निशुल्क अपनी सेवाएं देगा।

असल में शहर में कई ऐसी प्राचीन बावड़ियां है जिनका रखरखाव हो जाए तो वे गर्मी में पानी का एक बड़ा स्त्रोत बन सकती है। इन बावड़ियों में अब भी भरपुर पानी है व आसपास के रहवासी इनमे देखरेख नहीं करते है। इसलिए ही इस बार निगम पहले चरण में न सिर्फ स्वच्छता करवा रहा है, बल्कि इसके बाद देखरेख कार्य के अंतर्गत कई तरह के काम भी करेगा।

बावड़ियों की सफाई के बाद इनको फिर से गंदा नहीं किया जाए, इसके लिए भी निगम ने योजना बनाई है। इसमे स्वच्छता होने के बाद बावड़ियों को सहेजा जाएगा। इसके अंतर्गत गंदगी पानी में नहीं जाए, इसके लिए जाली लगाई जाएगी। इसके अलावा हर बावड़ियों में प्रवेश का समय तय किया जाएगा। इसके लिए गेट लगाए जाएंगे।

शुक्रवार सुबह नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, उपयंत्री मनीष तिवारी सहित निगम का अमला दो मुंह की बावड़ी पहुंचा। यहां पर सामाजिक संस्था दृष्टि वेलफेयर व एनएसएस की अंजू सूर्यवंशी व निगम के स्वच्छता के ब्रांड ऐम्बेसेडर नवोदीत बैरागी साथ रहे। इस दौरान क्षेत्र के रहवासी राखी पड़ियार, ईशा धाणक, स्नेहा डायने, आयुषी धाणक, विनय काग, रणवीर धाणक, राजवीर धाणक सहित अन्य ने बावड़ी की सफाई में योगदान दिया।

पत्रिका ने गर्मी में बावड़ियों को सहेजने के लिए अमृतमजलम अभियान चलाया था। उसी से प्रेरणा लेकर प्राचीन बावड़ियों में फुकेंगे जान-यही हमारा नव अभियान शुरू किया है। इसमे हमारी संस्था निशुल्क मदद कर रही है।

**- अंजू सूर्यवंशी,** एनएसएस व सामाजिक कार्यकर्ता

बावड़ियों की स्वच्छता के बाद इनका रखरखाव जरूरी है। इसलिए इस बार स्वच्छता अभियान 2022 के अंतर्गत इनमे सफाई के बाद रखरखाव भी किया जाएगा, जिससे यह गंदी नहीं हो। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त ननि

पत्रिका

पत्रिका १२/२/२२

# 39 सफाई मित्रों का एक दिवस व 13 का आधे दिवस का वेतन काटा

दैनिक अवन्तिका ⏩ रतलाम

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रातः 39 व दोपहर 13 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

वार्डो में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रातः झोन क्रमांक 1 में रामकन्या पति अर्जून, पप्पू-रमेष, सुनील- शंकरलाल, अर्जुन-राजेश, लखन-दीपक, अनिता पति ईष्वर, मंगलाबाई पति बाबूलाल, रानीबाई पति श्यामलाल, बसंतीबाई पति किशन, रामकुमार-बच्चेराम, राहूल-राजेष्वर, अर्जून-दीपक, विजय-हीरालाल कुल 13, झोन क्रमांक 2 में रानीबाई पति धीरज, सोमदिया-सुरेश, संगीताबाई पति हरीश, परवेज-हुक्मीचन्द, शकुन्तलाबाई पति अर्जुन, राहूल-राजू, कमल-सुल्तान, सावित्री बाई पति ष्यामलाल, संजय-बच्चू, विमलाबाई पिता बंशी, शिव-अशोक कुल 11, झोन क्रमांक 3 में कान्हा-आनन्द, सीताबाई पति रामस्वरूप, रोहित-पवन, दुर्गाबाई पति सुनील, नरेन्द कन्हैया, अनिल-छगन, सविता बाई पति अनिल कुल 7, झोन क्रमांक 4 में श्यामाबाई पति जगदीश, अनिताबाई पति रामसिंह, कुल 8 इस तरह 39 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

अवन्तिका

अवन्तिका 12/2/22

# 39 का एक दिन, 13 का आधे दिवस का वेतन काटा

रतलाम । कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रात: 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया। प्रात: 39 व दोपहर 13 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त या निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। निगम के अनुसार ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है उन्हे सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जायेगी।

## आचार्य को सौंपा स्वास्थ्य अधिकारी का दायित्व

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रभारी कार्यपालन यंत्री सत्यप्रकाश आचार्य को स्वास्थ्य अधिकारी के पद का दायित्व सौंपा गया हैं। इसके साथ ही उन्हें रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने के निर्देश दिये, जिससे रतलाम नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में उच्चतम् रैंकिग प्राप्त हो।

नवभारत

नवभारत 12/2/22

# 39 सफाई मित्रों का 1 दिवस व 13 का आधे दिवस का वेतन काटा

## बिना सूचना के 3 दिवस लगातार अनुपस्थित रहने कर्मचारी होगें सेवा से बर्खास्त

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रातः 39 व दोपहर 13 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

वार्डों में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रातः झोन क्रमांक 1 में रामकन्या पति अर्जून, पप्पू-रमेष, सुनील-शंकरलाल, अर्जून-राजेश, लखन-दीपक, अनिता पति ईश्वर, मंगलाबाई पति बाबुलाल, रानीबाई पति श्यामलाल, बसंतीबाई पति किशन, रामकुमार-बच्चेराम, राहूल-राजेश्वर, अर्जून-दीपक, विजय-हीरालाल कुल 13, झोन क्रमांक 2 में रानीबाई पति धीरज, सोमदिया-सुरेश, संगीताबाई पति हरीष, परवेज-हुक्मीचन्द, शकुन्तलाबाई पति अर्जून, राहूल-राजू, कमल-सुल्तान, सावित्रीबाई पति श्यामलाल, संजय-बच्चू, विमलाबाई पिता बंशी, शिव-अशोक कुल 11, झोन क्रमांक 3 में कान्हा-आनन्द, सीताबाई पति रामस्वरूप, रोहित-पवन, दुर्गाबाई पति सुनील, नरेन्द्र-कन्हैया, अनिल-छगन, सविताबाई पति अनिल कुल 7, झोन क्रमांक 4 में श्यामाबाई पति जगदीश, अनिताबाई पति रामसिंह, रामसिंह-तम्बूर, सुमनबाई पति घनश्याम, आशीष-दिनेश, सीताराम-सुरेश, संजय-ओमप्रकाश, आशाबाई पति दयाराम कुल 8 इस तरह 39 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

इसके अलावा दोपहर की उपस्थिति के दौरान झोन क्रमांक 2 में प्रशांत-ओसान, विशाल-प्रकाश, मंजूबाई पति रमेश, रघुवीर-पुनमचन्द, मीनाबाई पति किशोर, श्यामाबाई पति देवीलाल, रवि-सुरेश, शकुन्तलाबाई पति रामचन्द, दीपक-अत्री, झोन क्रमांक 3 मे उषाबाई पति मुकेश व झोन क्रमांक 4 में कैलाश-जगराम, कुन्दन-रमेश, पुष्पेन्द्र-दिनेश कुल 13 कर्मचारी अनुपस्थित पाये जाने पर आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के "लगातार तीन दिवस तक अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है, उन्हें सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जाएगी।

प्रसारण

प्रसारण १२/२/२२

# शहर की बावड़ियों को फिर से पुनर्जीवित करने की कोशिश



रतलाम » दबंग रिपोर्टर

शहर की प्राचीन बावड़ियों को एक बार से पुनःजीवित किया जाएगा। यह बात नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कही। शुक्रवार को उन्होंने अपने अमले के साथ शहर की पुरानी बावड़ियों का निरीक्षण किया।

**निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण, कहा सफाई के साथ होगा रखरखाव**

श्री झारिया ने दोमुंह की बावडी और मनकामनेश्वर महादेव के पीछे बावड़ी आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने इंजीनियरों और अमले के साथ वहां पहुंचकर फैला हुआ कचरा, गंदगी और टूटफूट को परखा।

उन्होंने निर्देशित किया कि पूरा प्लान बनाकर बावड़ियों को साफ किया जाए। जहां टूटफूट हैं, वहां फैंसिंग की जाएगी ताकि आम लोग बावड़ियों के पास पंहुचकर कचरा न फैंक सके।

दबंग दुनिया १२/१२/२२

# ज्यादा मात्रा में कचरा प्रोड्यूस करने वालों को कचरा निष्पादन की समझाईश दी गई

## सबसे स्वच्छ कौन प्रतियोगिता के बारे में बताया गया, कलेक्टर ने बैठक आयोजित की

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। शहर की होटलें, प्रतिष्ठान, मैरिज गार्डन, कार्यालय इत्यादि स्वच्छ रहे, ज्यादा मात्रा में कचरा प्रोड्यूस करने वाले होटल, संस्थान, प्रतिष्ठान आदि अपना कचरा निष्पादन स्वयं करें। इसके लिए एक बैठक कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम श्री राजेश शुक्ला, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी आदि उपस्थित थे। इसके अलावा शहर के मैरिज गार्डन संचालक, होटल प्रतिष्ठान संचालक विशेष रुप से बैठक में बुलाए गए थे।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक में उपस्थित व्यक्तियों को बताया कि प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर को सुंदर वातावरण देने के लिए सभी संभव कदम उठाए जा रहे हैं, इसके तहत सबसे स्वच्छ कौन प्रतियोगिता विभिन्न , कार्यालयों, होटल प्रतिष्ठानों, मैरिज गार्डन इत्यादि के मध्य आयोजित की जाएगी और उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। जैसा कि इंदौर में होटल्स के मध्य कंपटीशन आयोजित कर उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया है। इससे होटल की रैंकिंग बढ़ने से व्यावसायिक दृष्टि से भी होटल प्रतिष्ठान को फायदा होगा। कलेक्टर ने ज्यादा मात्रा में कचरा प्रोड्यूस करने वाले होटल्स तथा अन्य संस्थानों के संचालकों से कहा कि वे अपने स्तर पर कचरा निष्पादन की व्यवस्था करें जैसा कि इंदौर में किया जा रहा है। संस्था, होटल अपने परिसर में कंपोस्ट खाद बनाने की व्यवस्था कर सकती है और उसका विक्रय किया जा सकता है। कलेक्टर ने पॉलीथिन के उपयोग को हतोत्साहित करने का भी आग्रह किया। कलेक्टर ने बताया कि स्वच्छता के पैरामीटर्स पर खरा उतरने तथा स्वच्छ कंपटीशन तैयारी के लिए एक माह का समय दिया जा रहा है। बैठक में नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर14420 के बारे में भी बताया गया जिस पर कॉल करके सेप्टिक टैंक तथा सफाई संबंधी समस्या की जानकारी दी जा सकती है, शिकायत की जा सकती है। नगर निगम द्वारा 24 घंटे में समाधान किया जाएगा। इसके अलावा मोबाइल ऐप की जानकारी भी दी गई। कलेक्टर ने कहा कि जिन संस्थानों द्वारा स्वच्छता के मापदंडों पर खरा उतरा जाएगा उनको नगर निगम के संपत्ति कर में भी छूट दी जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि ज्यादा मात्रा में कचरा उत्पादित करने वालों के यहां पर कचरा एकत्र करने हेतु नगर निगम द्वारा एक वाहन विशेष की व्यवस्था की जाएगी जो सिर्फ ज्यादा मात्रा में कचरा प्रोड्यूस करने वालों के यहां पहुंचेगा और कचरा एकत्र करेगा। बैठक में बताया गया कि होटलों तथा रेस्टोरेंट में स्वच्छता संबंधी मूलभूत सुविधा तथा पैरामीटर्स पर नंबर दिए जाएंगे। इसके तहत होटल में 4 डस्टबिन रखने पर 30 नंबर, होटल से निकलने वाले गीले कचरे को होटल परिसर में ही प्रसंस्करण करने पर 40 नंबर, कोविड से संबंधित सुरक्षा अपनाने पर 40 नंबर, स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 से संबंधित वाल पेंटिंग करवाने पर 40 नंबर, होटल को प्लास्टिक मुक्त एवं पॉलीथीन मुक्त बनाने पर 40 नंबर मिलेंगे, इसी तरह कई और बिंदुओं पर अलग-अलग नंबर दिए जाएंगे। सभी होटल मालिकों को निर्धारित समय देकर प्रतियोगिता की तैयारी करने के लिए कहा गया। कुल 17 मापदण्डों के 565 नंबर में से सबसे ज्यादा नंबर लाने वाले होटल को स्वच्छ होटल का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

स्वतंत्र ऐलान १२/१/२२

# दो बत्ती चौराहे की रोटरी छोटी होगी, संकेतक लगेंगे

## यातायात : नगर निगम अगले सप्ताह तक जारी करेगा टेंडर, शहर के अन्य चौराहों पर भी होगा सुधार

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर के प्रमुख मार्गों के फोरलेन बनने के बाद अब चौराहों पर बेहतर आवागमन के लिए संकेतक लगाने के साथ ही रोटरियां भी तकनीकी तौर पर ठीक की जाएगी। इसकी शुरुआत दो बत्ती चौराहे से होगी। यहां नए ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे। नगर निगम ने चौराहे पर वाहनों की आवाजाही के मान से आंकलन कर लिया है। कुछ अन्य संशोधन के बाद अगले सप्ताह टेंडर जारी करने की तैयारी है।

दरअसल चौराहों पर तकनीकी गड़बड़ी व संकेतक नहीं लगाने से आए दिन जाम भी लगता है वहीं हादसे की आशंका भी बनी रहती है। बरबड़ से राममंदिर होकर महाराणा प्रताप प्रतिमा, दो बत्ती होकर कान्वेंट तिराहे तक फोरलेन बन गया है। यही मार्ग आगे मित्र निवास रोड से सालाखेड़ी तक पहले ही फोरलेन बनाया जा चुका है। फोरलेन बनने के बाद दो बत्ती चौराहे पर संकेतक की जगह भी बदल गई है। चौराहे की रोटरी के आसपास रोड का एक हिस्सा बड़ा तो दूसरा छोटा होने से भी आवागमन प्रभावित होता है। फ्रीगंज व पावर हाउस रोड के लिए भारी वाहनों की आवाजाही के चलते यहां हादसे की आशंका बनी रहती है।



दो बत्ती चौराहे पर नए संकेतक लगाए जाएंगे। • फाइल फोटो

### इन चौराहों पर भी सुधार की जरूरत

**गर्ल्स कालेज चौराहा :** यहां बनाई गई रोटरी ट्रैफिक नियमों के विपरीत है। इस क्षेत्र में सड़क का बड़ा हिस्सा रोटरी के सामने की ओर छोड़ा गया है। स्टेशन रोड से आने वाले वाहनों को तो परेशानी नहीं होती है, लेकिन नगर निगम से आने वाले वाहनों को घुमावदार मोड़ लेना पड़ता है।

**सैलाना बस स्टैंड :** यहां चौराहे पर गायत्री टाकीज व शहर सराय से आने वाले वाहनों को चौराहे का एक हिस्सा छोड़कर चलना पड़ता है। पावर हाउस रोड से राममंदिर जाने के लिए भी चौराहे के नियमों का पालन नहीं हो पाता है।

**नगर निगम तिराहा :** शहर के प्रमुख क्षेत्रों में से एक होने व नगरनिगम के कारण दिन भर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। यहां रोटरी के कारण सामने से आने वाले वाहन नहीं दिखते हैं। सड़क का एक हिस्सा ऊंचा तो दूसरा हिस्सा नीचा होने से भी परेशानी होती है।

**शहर सराय शहीद चौक :** नगर निगम ने इस चौक पर लगा फव्वारा हटाकर इंडिया गेट की प्रतिकृति बनाई है। भारी वाहनों की आवाजाही भी इस मार्ग से होती है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले वाहन प्रमुख बाजारों में जाने के लिए इसी मार्ग से जाते हैं। चौराहे के दो छोर संकरे होने से वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं मिलती।

**महू-रोड फव्वारा चौराहा :** सालाखेड़ी से जावरा फाटक तक फोरलेन बनने के बाद इस चौराहे पर वाहन चालक भ्रमित हो जाते हैं। चौराहे के एक हिस्से पर मोड़ पर ही अस्थाई डिवाइडर लगाए हुए है।

"दो बत्ती चौराहे पर संकेतक व नई रोटरी के लिए प्लान बन गया है। इसमें कुछ संशोधन बाकी है। अगले सप्ताह तक टेंडर जारी कर देंगे। अन्य चौराहों पर भी जरूरत के मान से सुधार करेंगे। - सुरेशचंद्र व्यास, कार्यपालन यंत्री नगर निगम

नई

नईदुनिया १२/२/२२

हेल्पलाइन नंबर जारी कर 24 घंटे में शिकायत के निराकरण का है दावा

# सड़कों पर बह रहा सीवरेज का पानी, गंदगी के बीच गुजर रहे लोग



रतलाम. शहर में सीवरेज लाइन के बाद से लोगों की परेशानी हर तरफ बढ़ती जा रही है। लाइन ही नहीं पुराने नाले भी जाम हो चुके है जिसके चलते वह ओवर फ्लो होकर उनका गंदा पानी अब सड़क पर बह रहा है। ऐसा ही एक मामला दो बत्ती पर स्टेडियम मार्केट के पास का है, जहां पर तीन दिन पूर्व सफाई किए जाने के बाद नाला फिर से उफान पर आ रहा है। पानी बाहर आकर स्टेडियम मार्केट होकर स्टेशन रोड थाने से आगे तक बह रहा है।

नाले से लगातार बहते गंदे पानी से यहां से गुजर रहे लोग भी परेशान है। दरअसल कोई वाहन तेज गति से गुजरत है तो उससे उड़ने वाला गंदा पानी आस-पास के दूसरे लोगों पर जाता है। एक दिन इसे सुधारने के बाद अब बीते तीन दिनों से फिर नाला ओवर फ्लो हो गया है, ऐसे में इसकी सुध लेने वाला कोई नही है जबकि प्रशासन द्वारा ड्रेनेज सफाई के लिए उक्त हेल्पलाइन नंबर 14420 भी जारी कर रखा है। जिसके माध्यम से सफाई एवं ड्रेनेज संबंधी शिकायतों का निराकरण 24 घंटे में करवाने का दावा भी किया गया था लेकिन नजारा कुछ ओर ही है।

पत्रिका

पत्रिका 12/12/22



# मुखर्जी नगर का निगम आयुक्त झारिया द्वारा निरीक्षण

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

*निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मुखर्जी नगर का निरीक्षण पूर्व पार्षद प्रतिनिधि मनोज शर्मा, मयूर पुरोहित के साथ क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होकर सड़क, उद्यान बाउण्ड्रीवॉल, नाले का स्लैब व रैलिंग लगाए जाने के निर्देश संबंधित को दिए।*

निगम आयुक्त श्री झारिया को निरीक्षण के दौरान मुखर्जी नगर उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल का एस्टीमेट बनाने, समीप ही नाले पर निर्मित स्लेब की चौड़ाई कम होने स्लेब चौड़ा करने, सुरक्षा की दृष्टि से नाले के आसपास दीवार बनाने व स्लैब पर रैलिंग लगाने व स्वीकृत सड़कों के सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

मुखर्जी नगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित फ्लेट बिल्डिंग के सामने स्थित उद्यान में औषधीय पौधों का रोपण करने निर्देश संबंधित को दिए, साथ ही क्षेत्र की महिलाओं को स्वयं स्व सहायता समूह बनाने हेतु प्रेरित किया। प्रसारण

प्रसारण 12/2/22



# नगर निगम आयुक्त ने किया मुखर्जी नगर का निरीक्षण

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मुखर्जी नगर का निरीक्षण पूर्व पार्शद प्रतिनिधि मनोज शर्मा, मयूर पुरोहित के साथ क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होकर सड़क, उद्यान बाउण्ड्रीवॉल, नाले का स्लैब व रैलिंग लगाये जाने के निर्देश संबंधित को दिये।

निगम आयुक्त को निरीक्षण के दौरान मुखर्जी नगर उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल का एस्टीमेट बनाने, समीप ही नाले पर निर्मित स्लेब की चौड़ाई कम होने स्लेब चौड़ा करने, सुरक्षा की दृष्टि से नाले के आसपास दीवार बनाने व स्लैब पर रैलिंग लगाने व स्वीकृत सड़कों के सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

मुखर्जी नगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित फ्लेट बिल्डिंग के सामने स्थित उद्यान में औषधीय पौधो का रोपण करने निर्देश संबंधित को दिये साथ ही क्षेत्र की महिलाओं को स्वंय स्व सहायता समूह बनाने हेतु प्रेरित किया।

राजएक्सप्रेस 12/2/22

# मुखर्जी नगर का निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण

रतलाम ● निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मुखर्जी नगर का निरीक्षण पूर्व पार्षद प्रतिनिधि मनोज शर्मा, मयूर पुरोहित के साथ क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होकर सड़क, उद्यान बाउण्ड्रीवॉल, नाले का स्लैब व रैलिंग लगाये जाने के निर्देश संबंधित को दिये। निगम आयुक्त श्री झारिया को निरीक्षण के दौरान मुखर्जी नगर उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल का एस्टीमेट बनाने, समीप ही नाले पर निर्मित स्लेब की चौड़ाई कम होने स्लेब चौड़ा करने, सुरक्षा की दृष्टि से नाले के आसपास दीवार बनाने व स्लैब पर रेलिंग लगाने व स्वीकृत सड़कों के सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। मुखर्जी नगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित फ्लेट बिल्डिंग के सामने स्थित उद्यान में औषधीय पौधो का रोपण करने निर्देश संबंधित को दिये साथ ही क्षेत्र की महिलाओं को स्वंय स्व सहायता समूह बनाने हेतु प्रेरित किया।

स्वदेश

स्वदेश 12/2/22

# कलेक्टर ने किया दौरा, आजाद चौक में पार्किंग व सुविधाघर बनेगा



चांदनीचौक क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी अभिषेक तिवारी। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए अब व्यस्ततम क्षेत्रों में नए इंतजाम किए जाएंगे। शुक्रवार रात 10 बजे से कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम व एसपी अभिषेक तिवारी ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के साथ शहर का दौरा किया। चांदनीचौक स्थित आजाद चौक में अंदर सशुल्क पार्किंग व पे एंड यूज टायलेट बनाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। इसके साथ ही तोपखाना व आसपास के क्षेत्रों में सड़कों पर बैठकर सब्जी बेचने पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया जाएगा। धनजी भाई का नोहरा में सब्जी मंडी संचालित करने के निर्णय पर भी अमल करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। 15 दिन में यह व्यवस्था लागू हो जाएगी।

कलेक्टर व एसपी ने गणेश देवरी, धानमंडी, सैलाना बस स्टैंड, अलकापुरी, राम मंदिर रोड पर भी निरीक्षण किया। गणेश देवरी पर भी सड़कों की चौड़ाई को लेकर नपती करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कई जगह दुकानदार सड़कों पर कचरा फेंकते भी दिखाई दिए। कलेक्टर ने निगमायुक्त को ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। नई.

नईदुनिया 12/2/22

## चांदनीचौक में बनेगी सीसी रोड, टेंडर निकालने के साथ ही खराब सड़क का पेचवर्क किया शुरू



रतलाम | शुद्ध सोने के बाजार चांदनीचौक में सीमेंट कांक्रीट रोड बनेगी। नगर निगम ने इसके टेंडर निकाल दिए हैं। घास बाजार से लेकर चांदनीचौक तक सीसी रोड बनेगी। जब तक टेंडर खुले और सड़क निर्माण शुरू हो। तब तक लोगों को परेशानी ना हो इसे देखते हुए नगर निगम ने चांदनीचौक में पेचवर्क भी शुरू कर दिया है। शुक्रवार को नगर निगम ने यहां पेचवर्क किया है। इससे लोगों को सुविधा होगी और आने-जाने में हो रही परेशानी दूर होगी। इसके पहले रोड पूरी तरह से जर्जर हो गई थी। अफसर भी इसकी सुध नहीं ले रहे हैं। इससे लोगों को आने-जाने में भी दिक्कत आ रही थी। इस पर भास्कर ने प्रमुखता से मुद्दा उठाया था इसमें लोगों की परेशानी बताई थी। इस आधार पर निगम ने पेचवर्क शुरू किया है। इससे जब तक रोड का निर्माण शुरू होगा तब तक तक तो लोगों की परेशानी दूर होगी। भास्कर

दै. भास्कर 12/2/22

सेवा से बर्खास्त व निलंबित करने को लेकर दिया नोटिस

# चैकिंग में पकड़ाई सफाई मित्रों की तड़ीबाजी... 56 का वेतन काटा

● रतलाम

**वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत 56 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त झारिया के निर्देषानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।**

सुबह व दोपहर की चैकिंग में मिले थे अनुपस्थित

वार्डों में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान झोन क्रमांक 1 में रानीबाई पति आजाद, जितेन्द्र-छोटेलाल, मोहन-मांगीलाल, शांतिलाल-बाबुलाल, विमलाबाई पति रघुवीर, विजय-शांतिलाल, पुष्पाबाई पति प्रहलाद, बरखाबाई पति सुरेश, बबीताबाई पति सतीश, उमेश-प्रहलाद, बादल-दिलीप, राकेश-रतनलाल, अजय-विनोद, विक्की-दिनेश, लखन-दीपक, अशोक-अर्जुन, संजय-बालू, सुनील-शंकरलाल, बेबीबाई पति अर्जुन, मंगलाबाई पति बाबुलाल, बसंतीबाई पति किषन, रानीबाई पति श्यामलाल, लताबाई पति विजय, रामकुमार-बच्चेराम, अनुप-धन्नालाल, मीनाबाई पति मनोज, श्रद्धाबाई पति दिनेश, रमेश-राजेन्द्र कुल 28, झोन क्रमांक 2 में धनराज-बसंत, विक्रम-रामलाल, रघुवीर-पुनमचन्द, रंजनाबाई पति सुरेश, सोमदीप-सुरेश, सुनील-श्यामलाल, संगीताबाई पति हरीश, बिहारी-आनन्द, चेतन-सुरेश, महेन्द्र-नेहरू, राहुल-राजू, षकुन्तलाबाई पति अर्जुन, अनिताबाई पति दीपक कुल 13, झोन क्रमांक 3 सोनूबाई पति राकेश, अशोक-मांगीलाल, संगीताबाई पति राजू, नन्जाबाई पति कचरू, बिंदिया पति अमर, जितेन्द्र-प्रकाश, चन्दन-नवीर, अशोक-मांगीलाल, झोन क्रमांक 4 में सुनील-रमेश, अजय-शिवलाल, सीमाबाई पति किशोर, उशाबाई पति मुकेश, तेजुबाई पति किशोर, श्यामाबाई पति जगदीश व कैलाश-बच्चुलाल कुल 7 इस तरह 56 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

अग्निबाण 11/2/22

**कार्रवाई** बिना सूचना के तीन दिन लगातार अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारी होंगे सेवा से बर्खास्त

# 39 सफाई मित्रों का एक दिन व 13 का आधे दिन का वेतन काट

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा वार्डों में सुबह छह से दोपहर दो बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया। इसके तहत प्रात: पाली में 39 व दोपहर में 13 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलंबन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## श्याम ऊंटवाल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

कचरा संग्रहण वाहन के दैनिक वेतन भोगी वाहन चालक श्याम ऊंटवाल द्वारा नगर निगम के वाट्सएप ग्रुप में वेतन काटने की भ्रामक जानकारी फैलाने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार संबंधित को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऊंटवाल द्वारा नगर निगम के वाट्सएप ग्रुप में वेतन काटने की भ्रामक जानकारी फैलाई गई, जबकि माह जनवरी में 25, 26, 27 व 29 को अवकाश पर रहने व एक दिन का ब्रेक होने से पांच दिन का कम वेतन भुगतान किया गया।

